विवाहिता का अधजला शव बरामद, पति को किया गिरफ्तार

हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद



मधुबनी (संसू)। जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र में विवाहिता की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई और अनुसंधान के आधार पर मामले का उद्भेदन करते हुए हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद करते हुए अन्य साक्ष्यों को जूटा ने मे सफलता पाई है।

पुलिस ने मृतका की अर्धजला हुआ शव को जमीन खोदकर बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार मामला 22 अक्टूबर 2026 की बताई जा रही है।

वादी पक्ष के मोहम्मद माजिद ने रुद्रपुर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया था कि उनकी बहन लापता है और उसे ससुराल पक्ष के द्वारा हत्या किए जाने की आशंका प्रतीत हो रही है। प्राप्त आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 123/2026 दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष मंजूला मिश्रा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने नामजद आरोपी मोहम्मद अमिरुल्लाह अंसारी उर्फ अमान अली को 24 अक्टूबर को गिरफ्तार करते हुए पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आगे आरोपी ने बताया कि उन्हें अपनी पत्नी पर चरित्र हिन होने का संदेह था।

इस बात को लेकर वे तनाव मे रहा करता था। गुस्से मे आ कर उन्होने 03 और 04 अक्टूबर की रात करीब एक बजे अपनी पत्नी गुलशन खातुन के सिर पर लकड़ी के कुंदे से वार किया था और बेहोशी की हालत में चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को ग्राम जमला स्थित एक फर्नीचर दुकान में जलाने का प्रयास किया, लेकिन शव पूरी तरह न जलने पर गड्ढा खोदकर लकड़ी के बुरादे से ढक दिया।

रुद्रपुर पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मृतका का अर्धजला शव बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेजा दिया। वही पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त चाकू, खून लगा हुआ कपड़ा और पलंग पर लगा हुआ खून जब्त कर आगे की आवस्यक कानूनी प्रक्रिया करते हुए गिरफ्तार आरोपी पती को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया है।

खड़गे की टिप्पणी पर सांसद गोपाल जी ठाकुर ने जताई नाराजगी, कांग्रेस से माफी मांगने की मांग



दरभंगा (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पटना में की गई टिप्पणी पर दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन विरोध के नाम पर मर्यादा और सामाजिक संस्कारों का उल्लंघन किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं है। सोमवार को लहेरियासराय के बलभद्रपुर स्थित अपने संसदीय कार्यालय में भाजपा नेताओं के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की टिप्पणी सार्वजनिक जीवन की गरिमा के अनुरूप नहीं है। कांग्रेस को इस मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। डॉ. ठाकुर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता के प्रति सम्मान और दिवंगत व्यक्तियों के प्रति आदर का विशेष महत्व है। लोकतंत्र में स्वस्थ बहस, विचारों का आदान-प्रदान और नीतियों की आलोचना होनी चाहिए, न कि व्यक्तिगत एवं पारिवारिक संदर्भों को लेकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग।

मतगणना को लेकर प्रशासन अलर्ट, तीन बैरियरों पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

आज खेल भवन में होगी स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना, पोलो मैदान में पार्किंग की व्यवस्था



दरभंगा (आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की 27 अक्टूबर को होने वाली मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को प्रेक्षागृह में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मतगणना सुबह आठ बजे से लहेरियासराय स्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला में होगी। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर पहुंचने तथा पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी से दायित्व निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना परिसर की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए प्रेक्षागृह के पास, लहेरियासराय स्टेशन मोड़ तथा समाहरणालय मार्ग पर चिल्ड्रेन पार्क के समीप बने बैरियरों से आगे वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं के वाहनों के लिए पोलो मैदान के आंतरिक भाग में, जबकि मतगणना कर्मियों एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के वाहनों के लिए बाहरी परिसर में धरना स्थल के बगल में पार्किंग निर्धारित की गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि कर्मियों की दो पालियों में प्रतिनियुक्ति की गई है। पहली पाली के कर्मी दूसरी पाली के कर्मियों के कार्यभार संभालने के बाद ही अपना स्थल छोड़ेंगे। ब्रीफिंग में नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कमला बलान तटबंध पर 73.6 किलो गांजा बरामद



कुशेश्वरस्थान (दरभंगा) (आससे)। कमला बलान तटबंध पर बिसुनिया पुल के समीप रविवार शाम नदी थाना पुलिस ने लावारिस हालत में रखे दो बोरों से 73 किलो 600 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया। इतनी बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ मिलने के बाद क्षेत्र में तस्करी के नेटवर्क को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस ने दोनों बोरों को जब्त कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नदी थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान बिसुनिया पुल के समीप कमला बलान तटबंध पर दो संदिग्ध बोरे पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों बोरों की तलाशी ली तो उनमें गांजा जैसा मादक पदार्थ मिला। इसके बाद दोनों बोरों को जब्त कर थाने लाया गया। जांच के दौरान 'ए' मार्का वाले बोरे से 37 किलो तथा 'बी' मार्का वाले बोरे से 36 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों बोरों में कुल 73 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ पाया गया।

मानवीय आदर्शों का महाकाव्य है रामायण : कुलपति

संस्कृत भारती एवं संस्कृत प्रचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में मनी वाल्मीकि जयंती



दरभंगा (आससे)। 'रामायण' मानवीय आदर्शों का मार्गदर्शक महाकाव्य है। इसीलिए उसे मानवता का पथ-प्रदर्शक आदर्श काव्य माना जाता है। संपूर्ण विश्व में स्थापित इस महाकाव्य पर हर भारतीय को गर्व होना स्वाभाविक है। संसार के सबसे प्राचीन महाकाव्य के रूप में 'रामायण' को आदिकाव्य होने का भी गौरव प्राप्त है। इसी कारण भगवान् श्री रामचंद्र के साधना-चरित्र से जनसामान्य परिचित हो सका। रामभक्ति के प्रचार-प्रसार के मूल में यही महाकाव्य समस्त विश्व में प्रतिष्ठित हुआ। वाल्मीकि के इस रसपूर्ण महाकाव्य ने असंख्य व्यक्तियों को रामभक्ति की प्रेरणा दी और जीवन को सार्थक बनाने का अवसर प्रदान किया। इसी आदिकाव्य से प्रभावित होकर अनेक कवियों ने भारतभर में प्रचलित अपनी-अपनी भाषाओं में रामकथापरक काव्य, महाकाव्य और नाटक रचे।

ये बातें कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो.लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने कहा।

उन्होंने छात्रों से विरासत और विकास के रूप में वाल्मीकि रामायण के श्लोकों से आत्मसात करने को कहा। दैनंदिन जीवन में नित्य रामायण के आदर्श प्रसंगों को स्मरण करना चाहिए।संस्कृतभारती, बिहार एवं संस्कृतप्रचारमंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित स्नातकोत्तर प्रभारी प्रो.दिलीप कुमार झा ने वाल्मीकि रामायण की वैशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए आदिकवि वाल्मीकि एक श्रेष्ठ ऋषि, बुद्धिमान पंडित, लोककल्याण के इच्छुक, तपस्वी, नीतिज्ञ, दयालु, कर्तव्यनिष्ठ, धर्मज्ञ, भारतीय संस्कृति के रक्षक तथा आदर्श राज्य की स्थापना के प्रेरणास्रोत के रूप में प्रसिद्ध हैं।

विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ.दिनेश झा ने कहा वाल्मीकि ऋषि समाज के अग्रगण्य तपस्वी, साधक, वेद-वेदांगों के परिनिष्ठित विद्वान्, रससिद्ध कविश्रेष्ठ, तत्कालीन भारत के भौगोलिक स्वरूप के सम्यक् ज्ञाता, सामाजिक प्रथाओं एवं मर्यादाओं के संस्थापक और व्याख्याकार, सत्य एवं न्याय के समर्थक, धर्म के स्तंभ तथा लोकानुरंजन के प्रबल हिमायती थे।

कार्यक्रम के संयोजक शिक्षाशास्त्र विभाग के निदेशक डॉ.घनश्याम मिश्र ने करूण रस के कवि भवभूति ने 'रामायण' को आदिकाव्य स्वीकार करते हुए 'मा निषाद प्रतिष्ठां पदम्?' को लक्ष्य करके 'उत्तररामचरित' में लिखा है कि वेद से भिन्न स्थान पर भी छंद का नया आविर्भाव हुआ। भवभूति ने वाल्मीकि को 'आदिकवि' की संज्ञा दी है।

सत्यप्रकाश मिश्र के वैदिक मंगलाचरण एवं किरण कुमारी,दीपसिखा कुमारी के लौकिक मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम का संचालन विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ.रामसेवक झा ने रामायण की सात कांड -बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, युद्धकांड एवं उत्तरकांड की चर्चा करते हुए इसमें कुल 24,000 श्लोक, 500 सर्ग और 100 उपाख्यान की बातें कही।

जयंती समारोह में डॉ.रामानंद झा, डॉ.गोपाल कुमार झा, डॉ.संजीव कुमार झा, डॉ.प्रीति रानी,कुंदन कुमार, अरुण कुमार, राकेश कुमार, डॉ.पवन सहनी सहित दर्जनों छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

जिले के पहले ग्रामीण एसपी मुकुल कुमार रंजन ने किया पदभार ग्रहण

समस्तीपुर (आससे)। जिले के पहले ग्रामीण एसपी के रूप में मुकुल कुमार रंजन ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। समस्तीपुर पहुंचने पर सबसे पहले सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने एसपी कार्यालय से संबंधित विभिन्न विभागों का जायजा लिया और पुलिस व्यवस्था की जानकारी ली। बाद में उन्होंने एसएसपी अरविंद प्रताप सिंह के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था, लंबित मामलों की समीक्षा और पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बिहार, पटना में पुलिस अधीक्षक (विधि-व्यवस्था) के पद पर कार्यरत रहे मुकुल कुमार रंजन को गृह विभाग ने समस्तीपुर में ग्रामीण एसपी की जिम्मेदारी सौंपी है। इस नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण क्षेत्र के थानों में अनुसंधान, कांडों की समीक्षा और अपराध नियंत्रण की निगरानी की जाएगी। ग्रामीण एसपी के अधीन रोसड़ा, दलसिंहसराय और पटोरी पुलिस अनुमंडलों के कुल 17 थाने रखे गए हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में पुलिस प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाना, मामलों के अनुसंधान में तेजी लाना और विधि-व्यवस्था की चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदारियों का विकेंद्रीकरण करना है। ग्रामीण एसपी अपने क्षेत्र में दारोगा, सिपाही और हवलदार को निलंबित कर सकेंगे, जबकि पुलिस लाइन के पदाधिकारियों के निलंबन के लिए एसएसपी से विमर्श करना होगा।

वैज्ञानिक खेती अपनाकर बढ़ाएं उत्पादन और आमदनी

शिवाजीनगर (आससे)। जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में रबी महाअभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि राम पुकार महतो ने की, जबकि संचालन सहायक तकनीकी प्रबंधक अमरदीप शर्मा ने किया।आत्मा, समस्तीपुर के उप परियोजना निदेशक गंगेश कुमार चौधरी ने किसानों को पंचायत स्तरीय खेत बचाओ अभियान सह कृषि जन कल्याण चौपाल, मसूर प्रत्यक्षण तथा सरसों एवं मशरूम की खेती से संबंधित जानकारी दी।कृषि विज्ञान केंद्र, लादा के वैज्ञानिक जोगेंद्र सोरेन ने उन्नत बीजों के चयन, समय पर बुवाई और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर जोर दिया। बीएओ सतीश कुमार ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। प्रखंड उद्यान पदाधिकारी सरोज कुमार पासवान ने सब्जियों की वैज्ञानिक खेती एवं बागवानी के बारे में बताया।कृषि विशेषज्ञ मुकेश कुमार देव ने फसलों को कीट एवं रोगों से बचाने के उपाय बताये।

डीएम ने की जन संवाद कार्यक्रम में आमजनों की समस्याओं की सुनवाई

पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश



समस्तीपुर (आससे)। जिलाधिकारी, समस्तीपुर रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।

जन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं को सीधे सुनना, संबंधित विभागों के माध्यम से उनका नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन एवं आम नागरिकों के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों की गंभीरता से जाँच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप कार्रवाई की जाए तथा पात्र लाभुकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने में अनावश्यक विलंब नहीं हो। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जन संवाद में प्राप्त शिकायतों का निष्पादन संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ सुनिश्चित करें। जिन मामलों में स्थलीय जाँच की आवश्यकता है, उनमें संबंधित पदाधिकारी आवश्यक जाँच कराते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही, जिन मामलों का समाधान तत्काल संभव है, उनमें अनावश्यक विलंब न किया जाए।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी संबंधित विभाग प्राप्त शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करते हुए आवेदकों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।जन संवाद कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, स्थापना उप समाहर्ता धर्मराज, सामान्य शाखा प्रभारी अंजलि सहित विभिन्न संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

संयुक्त राष्ट्र में दिव्यांगजनों के अधिकारों की आवाज उठाने पर संजय झा को ईश्वर मंडल ने दी बधाई



दरभंगा (आससे)। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय झा द्वारा संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक मंच पर दिव्यांगजनों के अधिकार, समावेशन एवं सशक्तीकरण के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर जदयू जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के दिव्यांगजनों के अधिकारों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का पक्ष मजबूती से प्रस्तुत करना देश के लिए गौरव की बात है। दिव्यांगजनों को समान अधिकार, सम्मानजनक जीवन, अवसरों की समानता तथा समाज की मुख्यधारा में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में संजय झा का दृष्टिकोण सराहनीय एवं प्रेरणादायी है।

दो नशेड़ी व शराब तस्कर गिरफ्तार 13.21 लीटर विदेशी शराब बरामद

सिंहवाड़ा (दरभंगा) (आससे)। सिंहवाड़ा थाना की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, किराना दुकान में छापेमारी कर 13.21 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने नशे की हालत में हंगामा करने के आरोप में ठकनिया निवासी मदन महतो और कलीगांव निवासी मोनू कुमार झा को गिरफ्तार किया।

ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच में दोनों के शराब पीने की पुष्टि हुई। वहीं, नगर पंचायत सिंहवाड़ा के लालपुर स्थित एक किराना दुकान में छापेमारी कर पुलिस ने 13.21 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इस मामले में पुलिस ने लालपुर निवासी प्रकाश ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पंजाब नेशनल बैंक का ग्राहक सतर्कता जागरुकता सप्ताह शुरू

समस्तीपुर (आससे)। जिले के विभूतिपुर प्रखंड के बेलसंडी तारा स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में 26 अक्टूबर से एक नवंबर तक चलने वाले 'सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2026' का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस वर्ष यह आयोजन 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के मूल संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत में शाखा प्रबंधक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बैंक कर्मियों ने सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता की प्रतिज्ञा ली। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी व नियमों का पालन करने, रिश्वत न लेने व न देने, जनहित में पारदर्शी तरीके से कार्य करने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध एकजुट रहने का संकल्प दोहराया।

शाखा प्रबंधक ने संबोधित करते हुए कहा कि देश और समाज के आर्थिक व सर्वांगीण विकास में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है।

प्रत्येक नागरिक और कर्मी को सजग होकर कार्य करना चाहिए ताकि एक स्वच्छ, पारदर्शी और सशक्त कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, अंजना निषाद, अमित कुमार, रवि नयन, कुंदन कुमार और संतोष जगन्नाथ पासवान, दिलीप मंडल, कुमार सहित अन्य बैंक कर्मी सौरभ कुमार, सनातन कुमार सिंह, उपस्थित रहे।



जयनगर के दुल्लीपट्टी में कोजागरा पर कवि गोष्ठी आयोजित कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

जयनगर (मधुबनी) (संसू)। मिथिलांचल के प्रसिद्ध पर्व कोजागरा के अवसर पर दुल्लीपट्टी में न्यायाधीश नीलेश भारद्वाज एवं भारत सरकार के प्रोविडेंट फंड विभाग में पदस्थापित निखिल भारद्वाज के सम्मान में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैथिली एवं हिंदी साहित्य से जुड़े कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से मिथिला की संस्कृति, परंपरा और साहित्यिक विरासत को जीवंत किया। कवियों की प्रस्तुति पर श्रोता खूब आनंदित हुए।कवि गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. वंशीधर मिश्रा ने की, जबकि मंच का संचालन अजीत आजाद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्तीपुर के जिला जज समीर कुमार झा, विधान परिषद सदस्य घनश्याम ठाकुर एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर कवि कमलेश प्रवेन्द्र, झोली पासवान, प्रो. शिव कुमार झा, नारायण यादव, ऋत्विन कश्यप एवं आदया कुमारी ने अपनी कविताओं का पाठ किया। उनकी रचनाओं ने उपस्थित श्रोताओं को खूब गुदगुदाया और कार्यक्रम में साहित्यिक माहौल को जीवंत बना दिया।मिथिला की पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार कार्यक्रम में शामिल अतिथियों एवं कवियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में डॉ. वीरेंद्र झा, डॉ. प्रभात कुमार झा, शिक्षाविद् मनीष कुमार झा, प्रवीण कुमार झा, समाजसेवी वीरेंद्र यादव, डॉ. गौरव झा एवं निशांत शामिल थे।



जानलेवा हमला, हत्या व चोरी समेत विभिन्न मामलों में आरोपितों की जमानत खारिज

दरभंगा (आससे)। जिला न्यायालय की विभिन्न अदालतों ने जानलेवा हमला, हत्या, चोरी, साक्ष्य मिटाने और धोखाधड़ी सहित अलग-अलग मामलों में आरोपितों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक अमरेंद्र नारायण झा ने न्यायालय में पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि प्रभारी प्रधान सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार की अदालत ने मब्बी थाना कांड संख्या 125/26 में जानलेवा हमले के आरोपित लाल बच्चन राम और पिंटू राम की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों आरोपित 28 अगस्त 2026 से जेल में बंद हैं। वहीं, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार पांडेय की अदालत ने तीन मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज कीं। लहेरियासराय थाना कांड संख्या 476/26 में विषैला पदार्थ खिलाकर हत्या करने के आरोपित राम सहनी की नियमित जमानत याचिका नामंजूर कर दी गई। सिमरी थाना कांड संख्या 279/25 में बंद ज्वेलरी दुकान में घुसकर हथियार के बल पर चोरी करने के आरोपित उत्तर प्रदेश के बलिरामपुर गांव निवासी गिरबर की जमानत भी खारिज कर दी गई।

दूसरी शादी का विरोध करने पर पत्नी से मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले थाना क्षेत्र के खेवढ़ा गांव में दूसरी शादी करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने अपने पति के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता पुनीता देवी (30) ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनके पति रविन कुमार पटेल (36) चंडीगढ़ में मजदूरी करते हैं। उन्होंने वहां दूसरी शादी कर ली और करीब छह महीने पहले दूसरी पत्नी को खेवढ़ा ले आए। इसके बाद से पति उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

समस्तीपुर रेल मंडल में 'सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2026' का शुभारंभ

कार्यों में पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा की ली गयी शपथ



समस्तीपुर (आससे)। पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आज 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026' का विधिवत आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री ज्योति प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं रेल कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा और सतर्कता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उपस्थित सभी रेलकर्मियों को दैनिक कार्यप्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता तथा ईमानदारी बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि प्रशासनिक दक्षता, सुरक्षित रेल परिचालन और जन-विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक स्तर पर भ्रष्टाचार मुक्त व पारदर्शी व्यवस्था का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मियों से सतर्कता नियमों का कड़ाई से पालन करने और संगठन के मूल्यों के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के उद्देश्य से मंडल भर में विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा।

जलवायु अनुकूल खेती किसानों के लिए बेहतर विकल्प : डॉ. राणा

मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर) (आससे)। ई-किसान भवन में रबी महा अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.के. राणा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में जलवायु अनुकूल खेती किसानों के लिए बेहतर विकल्प है। जीरो टिलेज, जल संरक्षण, समेकित कीट प्रबंधन और कम पानी वाली फसलों की खेती से बेहतर पैदावार प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएओ दिलीप रजक, अंजनी कुमार सिंह, आत्मा अध्यक्ष राम कुमार सिंह एवं कृषि वैज्ञानिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जवाहरलाल राय व, संचालन कृषि समन्वयक प्रभात कुमार सिंह ने किया। कृषि विभाग ने रबी फसलों के आच्छादन का लक्ष्य भी निर्धारित किया। वहीं, खाद आपूर्ति में तकनीकी बाधाओं को दूर करने की मांग पर किसानों ने हंगामा किया अधिकारियों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

डीएम ने की राज्य स्तरीय अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता तैयारी की समीक्षा

समस्तीपुर (आससे)। आगामी 01 नवंबर से 06 नवंबर 2026 तक समस्तीपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी, समस्तीपुर रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता के सफल, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के सभी नौ प्रमंडलों की टीमों तथा एकलव्य टीम सहित कुल 10 टीमों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा, तकनीकी दक्षता, अनुशासन एवं टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा तथा जिले में खेल संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा।